## संक्षिप्त

### होम्योपैथिक इलाज से लोग लाभान्वित

**मकराना,** (निसं)। होम्योपैथिक के मशहूर डॉक्टर डॉ रवि खेमादा द्वारा प्रत्येक रविवार को होम्योपैथिक पद्धति द्वारा ईलाज किया जाने से कई पीति लोगों ने उपचार लेकर राहत की सांस ली। अब मकराना शहर सहित इलाके में बीमार लोगों को सुगमतापूर्वक उपचार मिलेगा। जानकारी के अनुसार डॉ खेमदा द्वारा निम्न बीमारियों का बिना ऑपरेशन इलाज संभव गर्भाशय की गांठ, पाइल्स, पथरी (गुर्दे व पित की) प्रोस्टेट, थायराइड बच्चों के दांत आते वक्त की समस्या मोटापा, दाद, खुजली महिलाओं से संबंधित रोग पुरुषों से सम्बंधित रोग घुटनों का दर्द कील, मुहांसे, मस्से, झाइंया नींद नहीं आना ब्लड प्रेशर का सफल इलाज डॉ रवि खेमादा द्वारा सोनोग्राफी सेंटर सरकारी अस्पताल रोड मकराना में किया जा रहा है।

### रामलीला का शुभारंभ आज

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। बजरंग नवयुवक मंडल की और से बजरंग रंगमंच सावंतसर में 26 सितंबर से ग्यारह दिवसीय रामलीला का आयोजन होगा। अध्यक्ष श्यामसुंदर वैष्णव व संयोजक देवकिशोर गुर्जर, निर्देशक मुरलीधर वैष्णव ने बताया कि लोकप्रिय कलाकारों द्वारा सनातन संस्कृति को जीवित रखने के लिए व्यापक रूप से रामलीला आयोजन किया जा रहा है।प्रथम दिन शुभारंभ के साथ एक शाम श्रीराम रघुनंदन के नाम कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। नवयुवक मंडल महामंत्री शिवराज पाटिल व कोषाध्यक्ष गणपत शर्मा ने बताया की पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, सभापति दिनेश सिहं राठौड, पंचायत समिति सदस्य सुदर्शन इन्दोरिया सलेमाबाद, समाजसेवी शशिकांत पाटोदिया, एडवोकेट राकेश शर्मा, पार्षद हिम्मत सिंह शेखावत, उगमारम बालोटिया, बलराम सामरिया, सूरज चौधरी, नवरतन साहु, लक्ष्मी देवी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। पांच अक्टूबर को विजयादशमी दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा।

### हस्त निर्मित सामान की प्रदर्शनी कल

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। भाजपा मदनगंज मंडल के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाडे के तहत 27 सितंबर को तेली मोहल्ला स्थित माहेश्वरी भवन मे महिला मोर्चा हाट बाजार का आयोजन किया जायेगा। प्रवक्ता रितु मंघनानी ने बताया हाट बाजार में घरेलू सामान उपलब्ध रहेगा। प्रभारी सुनीता रांदड, रितु मंघनानी, संतोष पारीक, नीतू बलदेवा, तरुणा जैन, सुनीता राठी, गुणमाला पाटनी ने त्यारियों को अंतिम रूप दिया।

### प्रभुजनों की सेवा कर आशीर्वाद

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज के सदस्यों द्वारा लोहागल रोड स्थित अपना घर में रहवासी प्रभुजनों को सेवाएं देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन आभा गांधी ने बताया कि क्लब सदस्य लायन प्रेमलता गर्ग के सहयोग से प्रभुजनों को मिष्ठानयुक्त भोजन कराया गया। क्लब सदस्यों ने उनके साथ समय व्यतीत कर उनकी आवश्यकताये भी जानी। इस अवसर पर लायन राजेन्द्र गांधी, लायन हनुमान गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे। अपना घर व्यवस्थापक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### संत हंसराज की पुण्यतिथि आज

**मसूदा** (निसं)। संत हंसराज महाराज की आठवीं पुण्यतिथि सोमवार को मनाई जाएगी। संत श्री हंसराज महाराज के शिष्य एवं आश्रम से जुड़े प्रभु सिंहबरावत व महाराज श्री के सतशिष्यों के अनुसार गुरुदेव श्री हंसराज जी महाराज की निर्वाण स्थली पर शिष्यों एवं श्रद्धालु भक्तों के द्वारा आज 26 सितंबर सोमवार को आठवीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। पुण्यतिथि के अवसर पर दिन में भंडारे का आयोजन किया जाएगा साथ ही प्रात: 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अकल पुरीमहाराज की धूणी के महंत श्री नरेश गिरी जी महाराज एवं विभिन्न स्थानों से संत महात्माओं का आगमन होगा। संत हंसराज जी महाराज के शिष्यों ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को भंडारे एवं सत्संग में आमंत्रित किया है।

# गुटखा व्यापारी के अपहरण का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाडा,** (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुटखा व्यापारी ललित कृपलानी अपहरण मामले में पुलिस ने रविवार को खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 9 बदमाशों की मामले में संलिप्तता का खुलासा किया है। इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने 15 दिनों तक व्यापारी की रैकी की थी।

एसपी आदर्श सिद्धू ने बताया कि गुटखा व्यापारी ललित कृपलानी के अपहरण मामले में पुलिस ने ओडो का खेडा निवासी सन्नी ओड उर्फ संदीप (19) पुत्र हजारी ओड, विजय सिंह पथिक नगर निवासी सत्तू माली (21) पुत्र भैरूलाल माली व बडा मंदिर सागानेर निवासी विजय सिंह (21) पुत्र मनोहर सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं इसके साथी विजय सिंह पथिक नगर निवासी राहुल पुत्र भैरूलाल माली, पंचवटी निवासी विनोद पुत्र भंवर सिंह, माली खेडा निवासी लक्ष्मण माली पुत्र मथुरालाल, सांगानेर निवासी कन्हैया पुरी पुत्र मदन पुरी, कोटडी निवासी लोकेश पुत्र रोशनसिंह व सांगानेर निवासी किशन पुरी पुत्र मदन पुरी की तलाश की जा रही है। एसपी सिद्धू ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी 42 वर्षीय ललित कुमार कृपलानी गुटखा व्यापारी हैं। उनका ऑफिस भी शास्त्री नगर में घर के पास ही है। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे वे अपने ऑफिस से घर पर बाइक से खाना खाने जा रहे थे।

सोनी हॉस्पिटल के पास पीछे से एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। कार में से 5 बदमाश उतरे और उन्हें जबरन बैठाकर ले गए। शाम 4 बजे ललित के पिता रमेश कृपलानी को कॉल पर बेटे को छोडने के लिए 5 करोड रुपए की फिरौती मांगी। परिजनों ने साढे 4 बजे शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आसपास के सभी क्षेत्र में अलर्ट कर दिया और तीन घंटे में व्यापारी को मुक्त करवाकर 3 बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया। कोतवाल मुकेश वर्मा ने बताया कि अपहरण को अंजाम देने वाले यह सभी बदमाश जेल में एक दूसरे के संपर्क में आए थे। जिसके बाद से यह बडी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

इन्होंने व्यापारी ललित को बडा व्यापारी मानकर अपने टारगेट पर लिया था, लगातार 15 दिन रेंकी करने के बाद इन्होने वारदात को अंजाम दिया और आधे घंटे बाद ही बेटे के फोन से पिता को फोन कर 5 करोड की फिरौती मांगी, जिसके कारण 3 घंटे में आरोपी पुलिस की गिरफ्त के आ गए।



भीलवाड़ा पुलिस ने तीन घंटे में व्यापारी को मुक्त करवाकर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

■ 15 दिन रेकी के बाद दिया था वारदात को अंजाम, अन्य आरोपियों की तलाश जारी



अजमेर के वार्ड 58 में सत्यनारायण मंदिर, पाल बिछला में गायों के लिए आयुर्वेदिक गुड, दलिए युक्त की लापसी बनाई गई। इसमें उन्हें रोगमुक्त करने के लिए दवाइयां डालकर लापसी तैयार की गई। आसपास के क्षेत्रों के गोपालकों को भी वितरित की की गई ओर शेष बची लापसी आइसोलेशन सेंटर, पृथ्वीराज नगर, माकडवाली रोड पहुंचाई जायेगी। कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष पूनम तंवर, प्रदीप चौहान, प्रदीप कुमार कच्छावा, राजेश चौहान, नेहा अलुदिया, भावना भाटी, हरिसिह गढवाल, गणेश टांक, रवि कछावा, रवि दगदी, नविन महावर, हिमांशु गहलोत, नरेंद्र चौहान, गोपाल गढवाल, लोकेश डारीवाल, महैन्द चौहान, गिरीश टांक, पवन गहलोत, उमेश तुन्दवाल, धर्मेंद्र टाक, कंचन चौहान, जय भाटी, वीरेंद्र चौहान, चन्दा चौहान, रामबाबू चौहान, सुरज चौहान, धर्मेद तंवर, गोपाल मालाकार उपस्थित थे।

# प्रसन्नता ही विकास के लिए जरूरी : मुनि संबुद्ध सागर

**अजमेर,** (कासं)। सम्यक चिंतन, समीचीन निर्णय प्रसन्न चित्त में ही संभव है, संकल्प-विकल्प आत्म विशुद्धि का घात कर कार्य की विफलता में सहायक बनते हैं, आत्म आह्लाद, चित्त प्रसन्नता सफलता की प्रथम सीढ़ी है, ये बातें मुनि संबुद्ध सागर महाराज ने रविवार को छोटा धडा नसियां में प्रवचन के दौरान कही।

मुनि श्री ने कहा कि चित्त प्रसन्नता से ही जीवन सुखद होता है, प्रसन्नता ही विकास के लिए आवश्यक है, निर्मल चित्त वाला ही विशिष्ट चरित्र का पालन कर सकता है, श्रेष्ठ कार्य के लिए चित्त की पवित्रता का होना आवश्यक है। अजमेर नगर में प्रथम बार 24 दिवसीय 24 तीर्थंकर महामंडल विधान का शुभारंभ मंगलवार 27 सितम्बर को श्री दि.जैन मुनि संघ सेवा समिति के तत्वावधान एवं मुनि संबुद्ध सागर व मुनि संविज्ञ सागर मुनिराज के सानिध्य में अजमेर नगर मे प्रथम बार 24 दिवसीय 24 तीर्थंकर महामंडल विधान पूजन व महान् व्यक्तित्व वर्णन प्रवचन श्रृंखला के मांगलिक आयोजन का शुभारंभ मंगलवार 27 सितम्बर को पंचायत छोटा धडा-नसिया में होगा।

समिति प्रवक्ता पदम चन्द सोगानी ने बताया मांगलिक कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिदिन प्रात: 7.30 बजे से मंगल कलश स्थापन, संगीतमय विधान पूजन, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, शास्त्र दान, पाद पक्षालन एवं मुनि संबुद्ध सागर द्वारा प्रतिदिवस एक-एक तीर्थंकर प्रभु के महान् व्यक्तित्व का वर्णन प्रवचन श्रंखला व साय:काल 7.15 बजे से तीर्थंकर प्रभु की महाआराधना, जाप्य स्तवन व संगीतमय महाआरती का अनुपम आयोजन होगा।

### श्री बाबाधाम पर सजा माँ का दरबार

**भीलवाडा,** (निसं)। मेवाड की पवित्र पावन धरती पर औद्योगिक व धर्म नगरी भीलवाडा में श्रद्धा आस्था व सबूरी का प्रतीक माँ अन्नपूर्णा श्री बाबाधाम शक्तिपीठ पर विशेष नवरात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत शक्तिपीठ को मनोरम लाईटों, झण्डियों, चुन्नर, डेकोरेशन रंग बिरंगी झिलमिलाती फरियों व फूलों से सजावट की गयी तथा मां के दरबार में गरबा नृत्य हेतु गरबा पाण्डाल को सुज्जित किया गया तथा व्यवस्थित ढंग से सभी भक्तजनों को दर्शन हो सके ऐसी व्यवस्था श्री बाबाधाम परिवार के सेवादारों द्वारा की गयी।

सोमवार को दोपहर 11.15 बजे से श्री बाबाधाम के पं. योगेन्द्र शर्मा, पं. शिवप्रकाश जोशी, पं. गोविन्द गौतम द्वारा मंत्रोच्चारण व विधी विधान के साथ हवन पूजन होगा व 12.05 बजे घट स्थापना की जायेगी। नवरात्रा महोत्सव में प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे आरती होगी। उसके बाद प्रात: 9.15 बजे श्री बाबाधाम के आचार्य श्री योगेन्द्र जी शर्मा, आचार्य पं. श्री शिवप्रकाश जोशी व अन्य पंडितो के द्वारा मंत्रोच्चारण द्वारा हवन पूजन व आहूतियां प्रतिदिन दी जायेगी। नवरात्रा में प्रतिदिन माताजी का विशेष अलग-अलग श्रृंगार किया जायेगा।

# सरकार की योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय लाभांवित : पारस पंच

**ब्यावर** (निसं)। राजपूताना मोहम्मद अली मेमोरियल उच्च माध्यमिक ट्रस्ट सोसायटी की ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के सदस्य पारस पंच का स्वागत समारोह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य पंच का ट्रस्ट सोसायटी की ओर से अध्यक्ष पप्पू काठात कर्बला मार्ग, उपाध्यक्ष अब्दुल मजीद कुरेषी, सचिव अब्दुल सलीम मंसूरी, सहसचिव मोहम्मद हनीफ सोरगर, कोषाध्यक्ष हाजी गुलाम सरवर, सहकोषाध्यक्ष अब्दुल रउफ, संरक्षक हाजी मोहम्मद हनीफ छीपा, सदस्य इब्राहीम खान, सलीम कुरेषी, ताजुद्दीन शेख, हाजी रोशन काठात, जहूर अहमद, हारून पार्षद, प्रधानाचार्य डॉ.अनीस अहमद आदि ने 21 किलो की माला, साफा पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य पंच ने कहा राजस्थान की कांग्रेस निहित सरकार आमजन की सरकार है। सरकार की योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय को संबल मिला है। वर्तमान में सरकार कई योजनाएं चलाकर अल्पसंख्यकों को लाभांवित कर रही है। उन्होने विश्वास दिलाया कि हमेशा ट्रस्ट एवं मुस्लिम समाज के हितों के लिए प्रयासरत रहेगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष पप्पू काठात एवं उपाध्यक्ष कुरैशी ने ट्रस्ट की ओर से संचालित शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए ट्रस्ट की ओर से कक्षा 1 से 12 तक की बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

आगामी दिनो में इसे और ज्यादा बढाने के प्रयास किए जाऐगे। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान चीता मेहरात काठात महासभा अध्यक्ष रमेश काठात, सचिव इब्राहीम काठात, करणाजी डांग अध्यक्ष दीन मोहम्मद, कोषाध्यक्ष रसूल काठात, संरक्षक रोशन जालिया, गाजी डांग अध्यक्ष सायर काठात, पूर्व अध्यक्ष इस्माईल काठात लसाडिया, पूर्व सरपंच सम्मा काठात, पंचायत समिति सदस्य प्रताप काठात, हाजी बशीर मोहम्मद, नवयुवक मंडल अध्यक्ष रज्जाक काठात, शौकीन काठात, शौकत मंसूरी, सिकन्दर मंसूरी, अब्दुल सलाम मंसूरी, हाजी हारून सिलावट, फिरोज सिलावट, मोईनुद्दीन शेख, महेन्द्र काठात, हाकिम काठात, बाबू काठात, सिकन्दर काठात, प्रेम काठात, पर्वतसिंह, मेघवाल महासभा अध्यक्ष हजारीलाल भाटी, चेतन भट्ट, हनुमान सांखला, मोहम्मद अयूब दाउदी, गुलजार राही, कैलाष काठात, सलीम सोनी, सलीम काठात, रोषन काठात, अमीन काठात, हाकम फतहगढ, मेवा काठात, सोहन फौजी, बीरम, बिरदा खान, इस्माईल सालाकोट, शाकिर मेव, शौकीन काठात, शैतान वार्ड पंच फतहगढ आदि मौजूद रहे।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के सदस्य पारस पंच का साफा पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

■ मोहम्मद अली ट्रस्ट की ओर से पीसीसी सदस्य का अभिनंदन

# शिविर में युवाओं ने 237 यूनिट रक्तदान किया

**बांदनवाड़ा,** (निसं)। कस्बे में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गांव रूपपुरा निवासी स्व नाथूलाल चोपड़ा की याद में किया गया। शिविर में 237 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। अजय बहादुर चोपडा ने बताया कि इस शिविर का आयोजन उनके पिता स्व. नाथूलाल चोपड़ा की द्वितीय पुण्यतिथि में भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। शिविर की शुरुआत सरवस्ती माता की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलित करके व सामूहिक राष्ट्रगीत के साथ हुई, तदउपरांत स्व नाथूलाल चोपड़ा की तस्वीर पर गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए बांदनवाड़ा, पड़ांगा, देवपुरा, रूपपुरा, अमरगढ़ के युवा उमड़ पड़े। आमजन से लेकर वीआईपी सबने शिविर में भाग लेकर पूर्व सरपंचव समाजसेवी को श्रद्धांजलि दी। इस दोरान युवाओं में रक्त दान करने की होड़ लगी रही। समारोह में रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान करने पर उन्हें आयोजनकर्ता चोपडा परिवार ने भगवा दुपट्टा ओढ़ाया व प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बलराम चौधरी अजमेर, महावीर जाट मोखमपुरा, युवा नेता शिवराज सिंह पलाडा, भंवर सिंह राठौड़, किशन गोपाल परिहार, प्रिंस जैन, पूर्व उपप्रधान ललित लोढ़ा, देवपुरा सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप, कराटी सरपंच प्रतिनिधि जीवराज जाट, बुबकिया सरपंच गणपत ग्वाला, सत्यनारायण भगवान मेला कमेटी अध्यक्ष जयमल रहलानी, शेरगढ़ सरपंच देशराज जाट, भेरू लाल चोपड़ा, रामनारायण जांदू, पूर्व सरपंच विक्रम सिंह राठौड़, सुनील जांगिड़, आशुतोष पारीक, सुरेश तिवाड़ी, पुखराज राड, महादेव चोयल, संजय सिंह, उमराव जाट, जय सिंह फड़ोलया बीजा लाल गुजर सिंगावल, सिंगावाल सरपंच रघुनाथ गुर्जर, छछुंदरा सरपंच प्रतिनिधि हरदयाल गुर्जर, राजकुमार जाट, विश्व देव कुमावत, रंगलाल गुर्जर, दुदाराम गुर्जर अर्जुनपुरा, दयाल गुर्जर बगराई, गिरधारी गुर्जर कीटाप, जयसिंह राठौड़ कीटाप, दीपक सेन, चन्द्र प्रकाश टेलर, अशोक टेलर, मुकेश हिंगड़, मोनू शर्मा, देवेंद्र शर्मा, दिनेश तिवाड़ी, संजय तेबड़ा, शिवराजगुर्जर, अशोक वैष्णव, धर्मी चंद गुर्जर अर्जुनपुरा, नारायण सिंह, दशरथ भाटी, संजय टेबड़ा, निर्मल जैन, देवा जांदू, सुखपाल जाट राममालिया, अमित तिवाड़ी, मनीष छीपा एडवोकेट, रामसुख गुर्जर पत्रकार, रणबीर जाट, नितिन वैष्णव, ललित जाट, गजराज जाट, ऋषिराज सिंह, रामराज जांगिड़, गजराज चोपडा, कैलाश चोपडा, प्रभु, देशराज चौधरी, दिनेश चौपड़ा, योगेंद्र सिंह राठौड़ सोलखुर्द, आनंद कुमावत, भागचंद चौधरी, जयसिंह सेन, सुरेन्द्र सिंह कराटी, जय सिंधी, अरविन्द टांक, नरेन्द्र गँवारिया, राजू बंजारा, गोरधन जाखड़, विक्रम मीणा दिनेश हिन्दू, सुरेन्द्र जाट पडागा आदि मौजूद रहे।



गांव रूपपुरा निवासी स्व. नाथूलाल चोपड़ा की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

■ रक्तदाताओं का किया सम्मान, राष्ट्रगीत से हुई शिविर की शुरूआत

## सार-समाचार

### शिविर में 280 रोगियों की नेत्र जांच



**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। लायन्स क्लब किशनगढ क्लासिक के तत्वाधान में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से सूरज देवी पाटनी सभागार में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 280 नेत्र रोगियों की जांच की गई। सचिव रमाकांत काबरा ने बताया की शिविर में 85 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के उपयुक्त पाया गया। सभी को नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकर आई होस्पीटल जयपुर भेजा गया। नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के साथ जयपुर आने जाने के लिये बस व्यवस्था सहित सभी व्यवस्था शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के सौजन्य से निशुल्क रहेगी। रीजन चेयरपर्सन कमल शर्मा, जोन चेयरपर्सन वीरेंद्र पाठक ने शिविर का अवलोकन किया। आर के मार्बल ग्रुप के सीए सुभाष अग्रवाल ने शिविर का निरीक्षण कर नेत्र रोगियों से कुशलक्षेम पूंछी। लायंस क्लब अजमेर अध्यक्ष ओएस माथुर अजमेर वेस्ट अध्यक्ष अमितप्रभा शुक्ला ने सहभागिता निभाई। क्लब की विनीता मेहता ने अजमेर वेस्ट अध्यक्ष अमित प्रभा शुक्ला का स्वागत किया। अध्यक्ष रोहित मेहता ने 11 अक्टूबर को स्व. नवीन अग्रवाल के जन्म दिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में पूर्ण सहयोग की अपील की। इस दौरान क्लब विनीता मेहता, ममता जैन, पदम जैन, राकेश ओसवाल, पंकज गोयल, पंकज बंसल, संकल्प गोयल, मुकेश जैन, अजय गंगवाल, अविनाश पाटनी, अशोक गंगवाल, अनिल शर्मा, चन्द्रकान्त अजमेरा, मनोज गोधा, सीए सुशील बंसल सहित आरके पाटनी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के अलावा स्काउट प्रभारी विरेंद्र शर्मा ने विशेष सहयोग किया। संचालन राकेश ओसवाल ने किया।

### दृष्टि बाधित बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**पुष्कर** (निसं)। फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया की संस्थापिका मारा सांद्री का जन्म दिवस रविवार को अपना घर मूक बधीर एवं दृष्टि बाधित आवासीय विद्यालय कोटडा अजमेर के बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर मारा सांद्री ने विद्यालय में अध्यनरत 97 छात्र छात्राओं को विद्यालय गणवेश जूते मोजे कलर और पेस्टी वितरित की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन फियोर दी लोटो के अध्यक्ष दीपु महर्षि, लक्ष्मी महर्षि, पार्षद विष्णु सैन रोशन कुमार मिश्रा, विनोद शर्मा गोविन्द राम माली, आर्यन महर्षि अक्षत महर्षि वर्षा महर्षि रहे उपस्थित। इसी कड़ी में फाउंडेशन द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण शिविर की 20 प्रशिक्षणार्थी महिला बालिकाओं को 1500 रुपए प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को चेक वितरित किया गया। गौरतलब है कि मारा की संस्था की ओर से हजारों बालिकाएं निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रही है।

### किशनलाल माली बने अध्यक्ष



**अराँई** (निसं)। अराँई ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव रविवार को सम्पन्न हुए। जिसमें अराँई ग्राम सेवा सहकारी समिति की चुनाव प्रभारी मोनिका पंचोली व अजमेर जोनल सहकारिता विभाग आशा देवी ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण को प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं दी। चुनाव प्रभारी ने चुनाव के परिणामों की सूचना देते हुए बताया कि अराँई ग्राम सेवा सरकारी समिति में किशनलाल माली अध्यक्ष, जालम उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में विजेताओं को साफा व माला व मुंह मीठा करवा बधाई दी गई। इसी अवसर पर शंकरपुरी गोस्वामी (व्यवस्थापक), जयकिशन लक्षकार जेठू लाल शुभम गोस्वामी भंवरगोपाल गोड़, हनुमान गौरेली, अराँई सरपंच रामस्वरूप नायक, मदन गोपाल गौड़, रामधन जाट, कौशलेंद्र सिंह, रामधन माली, अविनाश दाधीच, कमलेश गोड, सुभाष माली, शिवजी माली, राकेश खाती एवं सभी ग्राम सेवा सहकारी समिति के नवनिर्वाचित सदस्य मौजूद थे। सभी ने मिलकर निर्विरोध प्रत्याशियों को निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी।

### बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान ने दरगाह जियारत की

**अजमेर,** (कासं)। बिहार सरकार के ल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान ने रविवार को सूफी संत ख्वाजा साहब की दगराह में जियारत व इबादत कर अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। मंत्री के प्रतिनिधि खादिम ने उन्हें जियारत कराई और दरगाह का तबर्रुक भेंट दिया। विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में रविवार को बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री मो.जमा खान ने जियारत की। दरगाह के खादिम सैयद अनवर फरीदी ने जियारत कराई और दरगाह का तबर्रुक भेंट किया। जियारत के बाद मंत्री मो.खान ने देश व प्रदेश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। मीडिया से बातचीत करते हुए अल्पसंख्यक मंत्री मो. जमा खान ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए 17 सालों में शानदार काम किए हैं, हमारे यहां आवासीय विद्यालय में बच्चे नि:शुल्क पढ़ाई करते हैं, प्रत्येक जिले के अंदर एक आवासीय विद्यालय है। आवासीय विद्यालय करीब 50 करोड़ की लागत से तैयार होता है अभी 4 जिलों में ऐसे आवासीय विद्यालय बनाए जा चुके हैं तथा अन्य जगहों पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चे और बच्चियों के लिए रहने की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है, हमारे यहां बच्चा और बच्ची अलग-अलग रहते है, उसके लिए हर जिले में दो-दो हॉस्टल बनाया जा रहा है, इसमें बच्चे और बच्चियां अलग अलग पढ़ाई कर सकें। विद्यार्थियों सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हे, जिसमें खाने, रहने व पढ़ाई का खर्चा अल्पसंख्यक विभाग द्वारा उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब से प्रदेश की कमान संभाली है, तब से बच्चों की शिक्षा के स्तर पर काफी सुधार आया है, साथ ही विद्यार्थियों के लिए कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है। पटना में 660 कोचिंग है, जिसमें पढ़ाई कर बच्चे कामयाब होते हैं और इसका सारा खर्चा सरकार ही उठाती है। मंत्री खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मदरसे को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले ही कहा था, मदरसे में शिक्षा को लेकर पढ़ाई होती है, मदरसे में बच्चों को जीवन जीने के तरीके बताए जाते हैं और तौर तरीके सिखाए जाते हैं। साथ ही प्रदेश के 2 लाख बच्चों को छात्रवृत्ति मिलती है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बिहार वक्फ की कई जगह जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है और आगे भी जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को जल्द हटा कर अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।